ई–मेल

म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26, अरेरा हिल्स,किसान भवन,जेल रोड भोपाल

क/मंडी/प्रांगण/5/1/ब/पार्ट–4/गुना/256 भोपाल,दि. 26/2/2021

प्रति,

संयुक्त संचालक
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
आंचलिक कार्यालय .... (समस्त)

विषय :– प्रदेश की कृषि उपज मण्डी समितियों के भूखण्ड/सरंचनाओं के आवंटन में अनियमितता एवं अन्य के संबध में सौपी गयी शिकायतों की जांच पर स्पष्ट अभिमत/निष्कर्ष दिये जाने बाबत।

--0--

प्रायः यह देखने में आ रहा है कि प्रदेश की कृषि उपज मण्डी समितियों के भूखण्ड/सरंचनाओं के आवंटन में अनियमितता एवं अन्य के संबध में प्राप्त शिकायतों की जांच आंचलिक कार्यालयों में पदस्थ संयुक्त संचालक/उप संचालक को सौपी जाकर जांच प्रतिवेदन अपने स्पष्ट अभिमत सहित चाहा जाता है। किन्तु आचंलिक कार्यालयों द्वारा अधिनस्थ कर्मचारी/अधिकारी से शिकायतों की जांच कराई जाकर बगैर अपने अभिमत/निष्कर्ष के जांच प्रतिवेदन मुख्यालय को प्रेषित किये जा रहे है। उक्त प्रकिया पर प्रबंध संचालक महोदया द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।

अतः आपको मुख्यालय द्वारा सौपी गयी शिकायतों के जांच प्रतिवेदन पर शिकायती बिन्दु प्रमाणित पाया गया है अथवा नही, अपने स्पष्ट अभिमत/निष्कर्ष के साथ ही प्रतिवेदन प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

24/02/21
संयुक्त संचालक(प्रांगण)
म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल